संख्या- 183 /2024 / 729 /चार-2024

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 27 मार्च, 2024

विषय:- डॉ0 भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ के संग्रहालय के आन्तरिक कार्य के अन्तर्गत फर्नीचर के क्रय हेतु प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने विषयक शासनादेश दिनांक 29 मई, 2023 को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 4681/सं0नि0-6(14) /2023-24, दिनांक 20 फरवरी, 2024 के संदर्भ में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 211/2023/1463(1)/ चार-2023 दिनांक 29 मई, 2023 द्वारा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ के संग्रहालय के आन्तरिक कार्य के अन्तर्गत फर्नीचर के क्रय हेतु रू0 85.04 लाख (रू0 पचासी लाख चार हजार मात्र) की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डॉ0 भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ के संग्रहालय के आन्तरिक कार्य के अन्तर्गत फर्नीचर का क्रय मूल परियोजना में सम्मिलित होने के दृष्टिगत शासनादेश संख्या- 211/2023/1463(1)/ चार-2023 दिनांक 29 मई, 2023 को निरस्त किया जाता है। कृपया तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 183 /2024 / 729 (1) /चार-2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in